महत्वपूर्ण एवं खास

रोटरी क्लब ऑफ कोरबा ने मनाया दिवाली मिलन समारोह

कोरबा। ऊर्जा नगरी की अग्रणी समाजसेवी रोटरी क्लब ऑफ कोरबा जिस प्रकार समाज सेवा की गतिविधियों में हमेशा आगे रहती है उसी प्रकार इसके सदस्य त्योहार को भी हमेशा मिलजुल कर उत्सव मनाते है । क्लब के मीडिया प्रभारी पारस जैन ने बताया11 छवअमउइमत को मीरा रिज़ॉर्ट जो उर्गा में स्थित है वहाँ क्लब के सभी सदस्यों ने दीपावली के पर्व पर धूमधाम से दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया । जिसमें सभी सदस्य अपने परिवार के साथ शामिल हुए और कई मनोरंजक कार्यक्रम के साथ रात्रिभोज किया।

हाथियों के दल ने किसानों की फसल रौंदी

कोरबा। जिले के वनमंडल कटघोरा के पसान व केंदई रेंज में सक्रिय 11 हाथियों का दल बीती रात आगे बढ़कर एतमानगर रेंज के मड़ई सर्किल अंतर्गत कोदवारी पहुंच गया। पसान रेंज के जल्के सर्किल से अचानक पहुंचे हाथियों के दल ने रास्ते में सलिहाभाठा पचरा में उत्पात मचाते हुए चार किसानों की फसल रौंद दी जिससे इन किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। सलिहाभाठा पचरा में हाथियों के पहुंचने व फसल रौंदे जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला आज सुबह गांव पहुंचा और आंकलन में जुट गया है।

दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

कोरबा। बालको प्लांट के पास अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के दौरान बाइक सवार की मौत हो गई। कूलिंग टॉवर के पास हुए हादसा हुआ है। मृतक का नाम प्रीतम मरावी है, जो बिलासपुर के सीपत थाना क्षेत्र का निवासी है। मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बाल्को थाना अंतर्गत रिस्दी बायपास मार्ग पर हुए सड़क हादसे के दौरान बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। अज्ञात वाहन कि चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी सांसें उखड़ गई। हादसा बालको कूलिंग टावर के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतक बिलासपुर जिले के सीपत थाना क्षेत्र का निवासी है और उसका नाम प्रीतम मरावी है। इस मामले में यह बात भी सामने आई है कि मृतक बालको प्लांट के कैंटीन में ठेका कर्मी के रूप में रसोइये का काम करता था। हादसे के बाद मृतक को सबसे पहले बालकों के विभागीय अस्पताल में भर्ती कराया गया उसके बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोरबा जिले के 6 प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल

कोरबा। राज्य स्पर्धा गौरेला पेंड्रा मरवाही में 10 नवंबर से 13 नवंबर तक आयोजित हुई। जिसमें कोरबा जिले के 6 प्रतिभागियों को प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। कुमारी ज्योत्सना 17 वर्ष बालिका ऊंची कूद एवं 4 किलोमीटर मैं कुमारी चांदनी, मनीषा दास प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल से सम्मानित हुऐ। तीनों छात्रा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बालको नगर के हैं। इसी प्रकार वीरेंद्र कुमार 19 वर्ष भाला फेंक एवं राकेश कुमार 19 वर्ष हैमर थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किऐ। 400 मीटर रिले रेस में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किए। तीनों छात्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा स्कूल के हैं। उक्त प्रतिभागी पर्यवेक्षक अनूप राय एवं प्रदीप मीज के नेतृत्व में भाग लिए। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जी पी भारद्वाजए, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्यारेलाल चौधरी, जिला खेल अधिकारी आरके साहू, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी के आर टंडन, गोपाल दास, नैतिक दास, धनराज निर्मलकर ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के स्कूलों में शिक्षा को लेकर किए गए नवाचार प्रयोगों पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

» मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों के साथ रंगों की दुनिया खेल में लिया हिस्सा

» मुख्यमंत्री से 'बचपन का प्यार' फेम छत्तीसगढ़ी गायक सहदेव दिरदो ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन बालदिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया ।

मुख्यमंत्री बघेल ने राष्ट्रीय शिक्षा समागम के उद्घाटन से पहले छत्तीसगढ़ के स्कूलों में शिक्षा को लेकर किए गए नवाचार प्रयोगों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने स्कूलों में अपनाए गए नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि समागम में विभिन्न राज्यों से आये प्रतिनिधियों और शिक्षाविदों से छत्तीसगढ़ को भी काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा ।

कोविड-19 लॉक डाउन के दौरान अपनाए गए नवाचारी प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए धनेली प्राथमिक शाला की शिक्षिका श्रीमती तस्कीन खान ने बताया कि कोरोना संकट के दौरान बच्चों को शिक्षा से जोड़े रहने के लिए स्कूल के बच्चों के द्वारा विभिन्न रोचक खेलों का निर्माण किया गया है । जिसमें रंगों की दुनिया, कोसा कीट का जीवन चक्र, स्पेलिंग सीखना, व्याकरण की जानकारी जैसे विभिन्न छोटे-छोटे प्रोजेक्ट शामिल हैं । इस दौरान स्कूली छात्राओं के आग्रह पर मुख्यमंत्री बघेल ने 'रंगों की दुनिया' जैसे रंग पहचानने वाले खेल में हिस्सा भी लिया । दुर्ग जिले के शासकीय प्राथमिक शाला सिरसा खुर्द की शिक्षिका श्रीमती नन्दा देशमुख ने बताया कि उन्होंने वहाँ के सपेरा बस्ती में रहने वाले बच्चे जो सांप पकड़ने, प्लास्टिक बीनने और कबाड़ इकट्ठा करने का काम करते थे, उन्हें शिक्षित करने के लिए कबाड़ से शिक्षा के लिए उपयोगी उपकरण बनाकर उनमें शिक्षा का अलख जगाया है । उन्होंने बताया कि वे सोयाबीन व आटे की प्लास्टिक थैलियों से अल्फाबेट्स और व्हाईट बोर्ड बनाकर बच्चों की पढ़ाई में सहायता करती हैं । उन्होंने अपने इस अभियान को ' पर्यावरण के लिए अभिशाप, शिक्षण के लिए वरदान - पॉलीथिन' नाम दिया है। समागम में खेदामारा पूर्व माध्यमिक शाला, दुर्ग से आयी दिव्यांग शिक्षिका सु के. शारदा ने मुख्यमंत्री बघेल को शिक्षकों के अकादमिक सहयोग एवँ मोटीवेशन हेतु बनाई गई हस्त पत्रिका 'चर्चा पत्र' भेंट किया । उन्होंने बताया कि चर्चा पत्र के प्रकाशन का उद्देश्य शिक्षकों को नवाचार की प्रेरणा के साथ ही प्रोत्साहन एवँ मार्गदर्शन है ।

मोटर सायकिल गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध देवेन्द्र देवांगन ने बताया कि सुदूर आदिवासी अंचल के 4 ग्राम पंचायतों में स्थित घोटुल में युवा साथियों की सहायता से बच्चों तक निर्बाध शिक्षा मुहैया करायी ।

छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा

कोरबा। शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए 5 बिंदुओं का मांग पत्र छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा है। संघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष एमएल यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि व्याख्याता से प्राचार्य पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची में विसंगति को दूर करने के लिए शिक्षकों के प्रथम नियुक्ति तिथि को आधार मानकर शीघ्र सूची जारी किया जाए।

अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को भी डीए की घोषणा शीघ्र की जाएए नियमित सहायक शिक्षकों व एलबी शिक्षकों की वेतन विसंगति शीघ्र दूर करने प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा जाए। शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाई जाएए शिक्षक संवर्ग की सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति का संधारण भी जल्द किया जाए। साथ ही जिला कार्यालय में आवेदन प्राप्ति के 3 दिन के भीतर संबंधित अधिकारी से मार्क कराकर शाखा में निराकरण के लिए भेजने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में दिनेश जोशीए सुभाष महतोए एसएल यादव आदि शामिल थे।

आयुक्त ने ली आई. एम. ए. के सदस्य डॉक्टरों की बैठक

» अपने निजी क्लीनिकों में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध दवाओं की सूची लगाने का किया आग्रह

कोरबा। नगर पालिक निगम कोरबा के आयुक्त कुलदीप शर्मा ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य निजी डॉक्टरों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में उपलब्ध 251 प्रकार की दवाओं की सूची अपने क्लीनिक-अस्पतालों में लगाए जाने का आग्रह डॉक्टरों से किया। उन्होने कहा कि मरीजों व उनके परिजनों की आर्थिक बचत के मद्देनजर धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स से दवाएं खरीदने की सलाह डॉक्टर्स अपने मरीजों को दें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप इस योजना का लाभ मरीजों को मिल सकें तथा उन पर दवाओं में होने वाले खर्च का बोझ कम हो सके।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में आयुक्त कुलदीप शर्मा ने आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य व निजी डॉक्टरों की बैठक ली। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. बी. बोर्डे भी उपस्थित थे। आयुक्त शर्मा ने डॉक्टरों से कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि आमनागरिकों विशेषकर गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों पर दवाओं पर होने वाले खर्च का बोझ कम हों। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान धन्वंतरी योजना का क्रियान्वयन किया गया है। नगर निगम कोरबा क्षेत्र में कोसाबाड़ी चौक स्थित नीलाम्बरी काम्पलेक्स एवं पुराना बस स्टैण्ड कोरबा में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर संचालित हैं। इसी प्रकार कटघोरा, दीपका, पाली एवं छुरीकला में भी 01-01 मेडिकल स्टोर्स खोले गए हैं। इन सभी धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में 55 प्रतिशत से अधिक की छूट दवाओं पर दी जा रही है। उन्होने बताया कि इन स्टोर्स में 251 प्रकार की दवाएं एवं 27 प्रकार के सर्जिकल उपकरण उपलब्ध हैं।

आलमारी में रखे करीब 10 लाख के जेवर की चोरी

कोरबा। जटगा बस्ती निवासी एक पोस्ट मास्टर के घर में आलमारी में रखे करीब 10 लाख के जेवर की चोरी हो गई। परिवार ने दिवाली के दौरान घर की पोताई के लिए पहुंचे दो लड़कों पर संदेह जताया है। घटना की लिखित सूचना कटघोरा थाना से लेकर तमाम अफसरों के पास की गईए लेकिन जांच के नाम पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। दूसरी ओर संदेहियों को पूछताछ के लिए लाने पर समाज के लोगों ने कटघोरा थाना पहुंचकर विरोध जताया है।

कटघोरा थाना के जटगा बस्ती निवासी उमेश प्रसाद शुक्ला पोस्ट मास्टर है। उनके मुताबिक उन्होंने सोमवार को घर के एक कमरे में रखी आलमारी खोली तो उसमें रखे करीब 10 लाख रुपए कीमत के पुस्तैनी आभूषण ;जेवरद्ध नहीं थे। उन्होंने दिवाली से पहले घर की सफाई और पोताई के लिए कटोरी नगोई के दो लड़के नवनीत व सोम को काम पर लगाया थाए जो उक्त कमरे में काम कर रहे थेए जहां साफसफाई के दौरान आलमारी का चाबी गुम गई थी। लड़के काम कर 29 अक्टूबर को चले गए। वहीं अगले दिन कमरे में आलमारी का चाबी मिल गईए लेकिन उन्होंने सामान्य तरीके से साफसफाई में चाबी गुमने की सोचकर ध्यान नहीं दिया।

सोमवार 8 नवंबर को जब उन्होंने आलमारी खोली तो उनके होश उड़ गएए क्योंकि उसमें रखे सभी जेवर पार हो गए थे। उमेश प्रसाद ने मंगलवार को कटघोरा थाना पहुंचकर घटना की लिखित सूचना दीए जहां एफआईआर नहीं लिखी गई। इसके बाद शुक्रवार को जनदर्शन कार्यक्रम में एसडीओपी कटघोरा ईश्वर प्रसाद त्रिवेदी को सूचना दी। बावजूद केस दर्ज नहीं किया। शनिवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर लिखित शिकायत की। दूसरी ओर कटघोरा पुलिस मामले में जांच कर रही है। दोनों संदेहियों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया थाए जहां आदिवासी समाज के लोग पहुंच गए। उन्होंने चोरी होने के पुख्ता साक्ष्य बगैर संदेही मानकर उनसे पूछताछ का विरोध किया। इसके बाद पुलिस को संदेहियों को छोड़ना पड़ा।

उमेश प्रसाद ने बताया कि उनके घर में वे उनकी पत्नी और दो पुत्र ही रहते हैं। वे स्वयं जटगा में पोस्ट मास्टर है। बड़ा पुत्र पोड़ी में सिविल इंजीनियर है व छोटा पुत्र ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करता है। दोनों पुत्र काम में व्यस्त रहते हैं। जिस कमरे में आलमारी हैए वहां परिवार के लोग भी बहुत कम जाते हैं। उक्त संदेही दोनों लड़के ही काम करने उस कमरे में पहुंचे थे। इसके अलावा दूसरा कोई नहीं गया। उनके कामकाज के दौरान उनकी पत्नी थी खाना बनाने समेत अन्य कार्य में व्यस्त हो जाती थी। संभवतरू उसी दौरान मौका देखकर उन्होंने कमरे में मौजूद चाबी से आलमारी खोलकर जेवर पार किया। इसके बाद चाबी को कमरे में ही छिपा दिया थाए जिससे चोरी का पता न चलें। पुलिस मामले में घर का ताला या आलमारी का लॉक नहीं टूटने की बात कहते हुए केस दर्ज नहीं कर रही है।

छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ की बैठक में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय

कोरबा। शनिवार को छत्तीसगढ़ व्याख्याता संघ की बैठक शिक्षक सदन कोरबा में हुई। इसमें लंबे समय से प्राचार्य पद पर पदोन्नति से वंचित व्याख्याताओं ने चर्चा करते हुए मांग पूरी नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस मांग को लेकर राजधानी रायपुर में 3 दिसंबर को धरना-प्रदर्शन प्रस्तावित है। इसमें जिले से बड़ी संख्या में व्याख्याता भाग लेने जाएंगे। इसका प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में जिले के करीब 50 व्याख्याताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष आरसी नामदेव ने की। शामिल व्याख्याताओं ने अपनी राय और सुझाव रखे। इस दौरान सीएस शर्माए डीआस साहू, जीपी सांडे, जीपी कुर्रे, गोपाल वर्मा, सीके शर्मा, सीमालाल, राजकुमार डहरिया, एए खानम, एसएन शिव, टीआर राठिया, एसएस कंवर, व्हीके कुर्रे, एफके डहरिया, एलएल डहरिया आदि उपस्थित रहे।

पक्के मकान की बचपन की ख्वाहिश अब हुई पूरी, हिरन बाई का बना पक्का मकान

कोरबा। कोरबा जिले की छुरीकला नगर पंचायत निवासी हिरन बाई बिंझवार की पक्के मकान में रहने की बचपन की ख्वाहिश अब जाकर पूरी हुई है। मोर जमीन-मोर मकान योजना के तहत श्रीमती हिरन बाई को नगर पंचायत के वार्ड नंबर 05 बिंझपुर में 30 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का पक्का मकान बनाकर उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर जमीन-मोर मकान घटक के तहत श्रीमती हिरन बाई को मिली आर्थिक सहायता से उनका बचपन से पक्के मकान में रहने का सपना पूरा हो गया है। हिरन बाई बताती हैं कि पक्के मकान में रहने का सपना वे बचपन से देखती थीं। मेहनत-मजदूरी कर जीवन-यापन करने वाले परिवार से जुड़ी हिरन बाई का विवाह खेती-मजदूरी करने वाले परिवार में हो गया। गरीब माता-पिता के पास भी पक्का

मकान नहीं था, शादी के बाद ससुराल की हालत भी वैसी ही थी। हिरन बाई के पति की मृत्यु भी कुछ समय पहले ही हुई है। पति की मृत्यु के बाद तो हिरन बाई ने पक्के मकान का अपना सपना भूला ही दिया था। परंतु एक दिन नगर पंचायत के कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का चिन्हांकन करते हिरन बाई तक पहुंचे। आवास योजना के तहत निर्धारित मापदण्डों को पूरा करने पर हिरन बाई को पक्के मकान के लिए पात्र पाया गया और उन्हें लगभग 325 वर्ग फिट का पक्का मकान बनाने की स्वीकृति मिली।

श्रीमती हिरन बाई बिंझवार बताती हैं कि कच्चे मकान को तोड़कर लोहे की छड़ वाले कॉलम खड़े करके ईट-सीमेंट का पक्का मकान अब बनकर तैयार हो गया है। मेहनत-मजदूरी कर रोजी-रोटी चलाने वाले गरीब लोगों की मोर जमीन-मोर मकान योजना ने पक्के मकान में रहने की ख्वाहिश पूरी की है। अब मकान के बाहर सुंदर सीढ़ियां भी बन गई हैं और मकान की दीवार से लगे चबुतरे पर पड़ोसियों के साथ बैठकर बातें करना, सुख-दुःख साझा करने का भी आनंद मिल रहा है। बरसात में, आंधी-तूफान में छत टपकने से घर में पानी भरने, सामान गीला होने जैसी मुसीबतों से भी अब हिरन बाई को छुटकारा मिल गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

कोविड वैक्सीनेशनः कोरबा जिले में 76 प्रतिशत से अधिक लोगों को लगा टीके का पहला डोज

» छह लाख 89 हजार से अधिक लोगों का हुआ कोविड वैक्सीनेशन

कोरबा। कोरबा जिले में कोविड संक्रमण पर लगाम कसने के लिए 18 वर्ष से अधिक उम्र के छह लाख 89 हजार 655 लोगों को कोरोना टीके की पहली डोज दी जा चुकी है। अनुमानित लक्ष्यानुसार यह जिले में 76.27 प्रतिशत है। इसी तरह कोरबा जिले में तीन लाख 36 हजार 879 लोगों ने कोविड वैक्सीन की दूसरी खुराक भी ले ली है। जिले में

कोविड-19 संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए 18 साल से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण तेजी से जारी है। स्वास्थ्य विभाग से जारी आंकड़ो के अनुसार कोरबा जिले में 18 साल से अधिक आयु के लोगों की अनुमानित संख्या नौ लाख से अधिक है।

स्वास्थ्य विभाग से जारी आंकड़ो के अनुसार सबसे अधिक पहला डोज कोरबा तथा कटघोरा के शहरी इलाकों में दो लाख 04 हजार 516 लोगों को लगाया गया है। इसी प्रकार पाली विकासखण्ड में अभी तक एक लाख 08 हजार 147 लोगों को, कटघोरा विकासखण्ड में 98 हजार 173 लोगों को, करतला विकासखण्ड में 94 हजार 040 लोगों को, पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में एक लाख 01 हजार 204 लोगों को और कोरबा विकासखण्ड में 83 हजार 575 लोगों को कोरोना का पहला टीका लगाया जा चुका है। कोरोना टीके की दूसरी डोज के मामले में भी कोरबा और कटघोरा का शहरी इलाका पहले स्थान पर है। इन दोनों इलाकों में एक लाख 18 हजार 443 लोगों को कोविड वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जा चुका है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड में 49 हजार 417 लोगों को, पाली विकासखण्ड में 35 हजार 967 लोगों को, कोरबा ग्रामीण में 39 हजार 644 लोगों को, कटघोरा विकासखण्ड में 49 हजार 940 लोगों को और करतला विकासखण्ड में 44 हजार 468 लोगों को कोरोना टीके की दूसरी खुराक दी जा चुकी है।

जिले में अनुमानित लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब घर-घर दस्तक अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और विभिन्न विभागों के मैदानी अमले की मदद से घर-घर जाकर लोगों से टीकाकरण की जानकारी ली जाएगी और पहले तथा दूसरे डोज के टीकाकरण से छूट गए लोगों को चिन्हांकित किया जाएगा। चिन्हांकित किए गए लोगों को अभियान चलाकर कोरोना का टीका लगाया जाएगा।